# सत्र- 2024-2025

# प्रथम  आवधिक परीक्षा-1 (PT-1)

# कक्षा- 10  हिन्दी (कोर्स- 'अ')

# समय- 3 घंटे  पूर्णांक- 80

**निर्देश;-**

**इस प्रश्न पत्र में कुल 16 प्रश्न हैं। प्रश्न संख्या 1 से 9 तक के उप प्रश्न भी हैं तथा दो खंड हैं।**

**सभी प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दें।**

**खंड- अ  अपठित  (वस्तुपरक प्रश्न)**

**1. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए-  5**

**जीवन में समय का नियोजन ही सफलता की कुंजी है। समय का चक्र अपनी गति से चल रहा है या यूँ कहें कि भाग रहा है। अक्सर इधर-उधर, कहीं-न-कहीं किसी- न- किसी से यह सुनने को मिलता है कि क्या करें, समय ही नहीं मिलता। वास्तव में, हम निरंतर गतिमान समय के साथ कदम-से-कदम मिलाकर चल ही नहीं पाते और पिछड़ जाते हैं। चाणक्य ने कहा है-"जो व्यक्ति जीवन में समय का ध्यान नहीं रखता, उसके हाथ असफलता और पछतावा ही लगता है।" कबीर दास जी ने भी, "काल करे सो आज कर, आज करै सो अब" कहकर काम को कल पर नहीं टालने की सीख दी है। समय जैसे बहुमूल्य धन को सोने-चाँदी की तरह संरक्षित नहीं रखा जा सकता, क्योंकि समय तो गतिमान है। इस पर हमारा अधिकार तभी तक है, जब तक हम इसका सदुपयोग करें अन्यथा यह नष्ट हो जाता है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम समय किस प्रकार व्यतीत कर रहे हैं, क्योंकि हम अपने भाग्य के निर्माण में अपनी सहायता कर रहे हैं। समय को नष्ट मत करो, क्योंकि यही जीवन की निर्माण विभूति है। समय का सदुपयोग बुद्धिमत्ता का परिचायक है। सामान्य व्यक्ति समय को गँवा देता है और बुद्धिमान उसका सदुपयोग करता है।**

**(I) जीवन में सफलता की कुंजी समय-नियोजन को बताया गया है-कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-**

**कथन**

**(क) समय-नियोजन से कुछ कार्य पूर्ण नहीं हो पाते।**

**(ख) निरंतर गतिमान समय के साथ चलकर ही सफलता प्राप्त होती है।**

**(ग) केवल परिश्रम करने से ही सफलता प्राप्त होती है।**

**(घ) समय देखकर चलने से सफलता मिलती है।**

**विकल्प**

**(क) कथन (क) तथा (ख) सही है। (ख) कथन (ख) सही है।**

***(ग) कथन (ग) सही है।* (घ) कथन (क) व (घ) सही है।**

**(II) गद्यांश के आधार पर बताइए कि समय जैसे बहुमूल्य धन पर व्यक्ति का अधिकार तब तक रहता है?**

**(क) जब तक वह समय को बाँधकर नहीं रखता। (ख) जब तक वह समय को देखता रहता है।**

**(ग) जब तक वह समय का सदुपयोग करता है। (घ) जब तक वह समय का दुरुपयोग करता है।**

**(III) कबीरदास जी की सीख को न मानने पर परिणाम होगा-**

**(क) अधूरे कार्य रहने से हम जीवन की दौड़ में पीछे रह जाएँगे। (ख) हमारे कार्य पूरे हो जाएँगे।**

**(ग) हम अधिकांश कार्य कर पाएँगे। (ख) हमारे कार्य पूरे हो जाएँगे।**

**(IV) चाणक्य के अनुसार समय का ध्यान न रखने वाले व्यक्ति को जीवन में मिलता है-**

**(क) धन और सुख-सुविधाएँ (ख) सफलता और पछतावा**

**(ग) असफलता और पछतावा (घ) असफलता और धन**

**(v) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) : समय का सदुपयोग बुद्धिमत्ता का परिचायक है ।**

**कारण (R) : केवल साहसी व्यक्ति ही समय का सदुपयोग करता है। (क) कथन (A) : गलत है, किंतु कारण (R) सही है ।**

**(क) कथन (A) : गलत है, कारण (R) सही हैं।**

**(ख) कथन (A) : और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।**

**(ग) कथन (A) : सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।**

**(घ) कथन (A) : सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।**

2. नीचे दो पद्यांश दिए गए हैं। किसी एक पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के लिए- 5

पूर्व चलने के बटीडी बाट की पहचान कर ले।

पुस्तकों में है नहीं छापी गई उसकी कहानी,

हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की जवानी।

अनगिनत ही गए इस राह से उनका पता क्या-

पर गए कुछ लोग इस पर छोड़ पैरों की निशानी।

यह निशानी मूक होकर भी बहुत कुछ बोलती है,

खोल इसका अर्थ पंथी, पंथ का अनुमान कर ले।

पूर्व चलने के बटोही, बाट की पहचान कर ले।

यह बुरा या कि अच्छा, व्यर्थ दिन इस पर बितान,

जो असंभव, छोड़ वह पथ, दूसरे पर पग बढ़ान।

तू इसे अच्छा समझ यात्रा सर इससे बनेगी

सोच मत केवल तुझे ही, यह पड़ा मन में बिठाना।

हर सफल पंथी यही विश्वास ले इस पर बढ़ा है,

तू इसी पर आज अपने चित्त का अवधान कर ले।

पूर्व चलने के बटोही बाट की पहचान कर करले।

(I) निम्नलिखित में से निर्देशानुसार विकल्पों का चयन कीजिए-

(क) बटोही' शब्द का क्या पर्याय है?

(क) राह (ख) राहगीर (ग) बाँटना (घ) बाँटने वाला

(II) "छोड़ पैरों की निशानी' से क्या तात्पर्य है?

(क) महान लोगों के चरण चिह्न (ख) महापुरुषों के अच्छे कार्यों की

(ग) सबके पैरों के निशान (घ) पैरों की आवाजें

(III) किस बात के लिए दिन व्यर्थ नहीं बिताना चाहिए?

(क) हमारे लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा है? (ख) हम अच्छा काम कैसे करें?

(ग) हमारे लिए सब कुछ करना है। (घ) कल क्या होगा?

(IV) यात्रा सरल बन सकती है- दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-

कथन

(क) असंभव रास्ते पर चलने से

(ख) नया रास्ता ढूँढने से

(ख) थककर बैठने से

(घ) असंभव रास्ते को छोड़ दूसरे रास्ते से आगे बढ़ने से

**विकल्प**

**(क) कथन (क) तथा (ग) दोनों सही हैं।**

**(ख) कथन (ख) तथा (ग) दोनों सही हैं।**

**(ग) कथन (ग) सही है।**

**(घ) कथन (घ) सही है।**

**(v) काव्यांश के आधार पर क्या स्वयं करना चाहिए- दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए-**

**कथन**

**(क) अपना काम स्वयं करना चाहिए।**

**(ख) किसी भी कार्य को करने से पहले उसे अच्छे से समझ लेना चाहिए।**

**(ग) अपनी मर्जी दूसरों पर नहीं थोपनी चाहिए।**

**(घ) जो मन में आए, वही काम करना चाहिए। विकल्प**

**(क) कथन (क) तथा (ग) दोनों सही हैं।**

***(ख) कथन (ग) सही है।***

**(ग) कथन (ख) सही है।**

**(घ) कवन (क), (ख), (ग) तथा (घ) सब सही हैं।**

**अथवा**

**मन समर्पित, तन समर्पित और यह जीवन समर्पित,**

चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ ।

देश तुझको देखकर यह बोध पाया

और मेरे बोध की कोई वजह है

स्वर्ग केवल देवताओं का नहीं है

दानवों की भी यहाँ अपनी जगह है।

स्वप्न अर्पित, प्रश्न अर्पित, आयु का क्षण-क्षण समर्पित,

चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।

रंग इतने रूप इतने, यह विविधता

यह असंभव एक या दो तूलियों से

लग रहा देश देश ने तुझको पुकारा

मन, बरौनी और बीसों अंगुलियों से ।

मान अर्पित, गान अर्पित, रक्त का कण-कण समर्पित

चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ ।

सुत कितने पैदा किए जो तृण भी नहीं थे

और वे भी जो पहाड़ों से बड़े थे

किंतु तेरे मान का जब वक्त आया

पर्वतों के साथ तिनके भी लड़े थे ।

ये सुमन लो, यह चमन लो, नीड़ का तृण-तृण समर्पित

चाहता हूँ देश की धरती, तुझे कुछ और भी दूँ।

(I) देश की धरती के लिए अपना सब कुछ कौन समर्पित करना चाहता है?

(क) भारतमाता (ख) कवि (ग) सैनिक (घ) एक बच्चा

(II) 'रंग इतने, रूप इतने, यह विविधता' से कवि का आशय है- कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए-

कथन

(क) यहाँ बच्चे, युवा और बूढ़े लोग रहते हैं।

(ख) धरती रंग-विरंगी है।

(ग) धरती पर भिन्न-भिन्न प्रकार के लोग रहते हैं।

(घ) यहाँ अमीर-गरीब सब रहते हैं।

विकल्प

(क) कथन (घ) सही है।

(ख) कथन (क) तथा (ख) सही है।

(ग) कथन (घ) सही है।

(घ) कथन (1) तथा (ख) (घ) सही है।

(III) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-

कथन (A) : देश को देखकर कवि को बोध हुआ-

**कारण (R) : इस धरती पर अच्छे-बुरे सब तरह के लोग रहते हैं।**

**(क) कथन (A): गलत है, किंतु कारण (R) सही है।**

**(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।**

**(ग) कथन (A) : सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।**

**(घ) कथन (A) : सही है, किंतु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।**

**(IV) 'तृण' और 'पहाड़' विशेषण किनके लिए आया है?**

**(क) धरती माता के बेटों के लिए**

**(ख) धरती पर उगी वनस्पतियों के लिए**

**(ग) यहाँ आनेवाले सैलानियों के लिए**

**(घ) जीवन के दुखों के लिए**

**(v) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक चुनिए-**

**(क) भारत के सुत (ख) समर्पण (ग) ग) जीवन के रूप निराले (घ) माँ, तुझे कुछ और भी दूँ**

**3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित <u>किन्हीं 8</u> बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1X8=8**

**(I) गर्मियों की छुट्टियाँ शुरू होते ही बच्चे कहीं घूमने जाने की जिद करने लगे। इसका संयुक्त वाक्य होगा-**

**(क) जब गर्मियों की छुट्टियाँ शुरू हुईं, तब बच्चों ने कहीं घूमने जाने की जिद की।**

**(ख) गर्मियों की छुट्टियाँ शुरू होने पर बच्चे कहीं घूमने की जिद करने लगे ।**

(ग) गर्मियों की छुट्टियाँ शुरू हुईं और बच्चे कहीं घूमने जाने की जिद करने लगे ।

(घ) गर्मियों की छुट्टियाँ शुरू हुई, लेकिन बच्चों ने ज़िद नहीं की।

(II) परीक्षाएँ समाप्त होते ही बच्चों ने राहत की साँस ली। इसका मिश्र वाक्य होगा- (क) जैसे ही परीक्षाएँ समाप्त हुईं, वैसे ही बच्चों ने राहत की साँस ली ।

**(ख)** परीक्षाएँ समाप्त हुई और बच्चों ने राहत की साँस ली।

**(ग)** अभी परीक्षाएँ समाप्त नहीं हुई थीं इसलिए बच्चों ने राहत की साँस ली।

(घ) परीक्षाएँ समाप्त होने पर बच्चों ने राहत की साँस ली।

(III) जब-जब धर्म की हानि होती है, तब-तब प्रभु अवतार लेते हैं। इसका सरल वाक्य होगा-

(क) जैसे ही धर्म की हानि होती है, वैसे ही प्रभु अवतार लेते हैं।

(ख) धर्म की हानि होने पर प्रभु अवतार लेते हैं।

(ग) धर्म की हानि होती है और प्रभु अवतार लेते हैं।

**(घ)** धर्म की हानि होते ही प्रभु ने अवतार लिया था ।

(IV) कॉलम I को कॉलम II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| 1. यद्यपि वह मंत्री बन गया है फिर भी उसका व्यवहार मधुर है। | संयुक्त वाक्य |
| 2. देश के लिए मर मिटने वाला व्यक्ति ही सच्चा देशभक्त है। | सरल वाक्य |
| 3. व्यक्ति सड़क पार कर रहा था इसलिए बस से टकराकर मर गया। | मिश्रवाक्य |

विकल्प

(क) 1-(ख), 2-(क), 3-(ग)

(ख) 1-(ग), 2-(क). 3-(ख)

(ग) 1-(क), 2-(ग), 3-(ख)

(घ) 1-(ग), 2-(ख), 3-(क)

(v) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सही विकल्प को चुनिए-

(क) मैंने एक व्यक्ति को भीख माँगते देखा, जो बहुत दुबला-पतला था।

(ख) खूब मेहनत करने पर भी मज़दूर को उसका लाभ नहीं मिलता।

(ग) सड़क पार करता हुआ बालक स्कूटर से टकराया और वह मर गया।

(घ) परिश्रमी व्यक्ति को अधिक समय तक निराश नहीं रहना पड़ता।

विकल्प

(क) कथन (घ) सही है।

(ख) कवन (ख) तथा (घ) सही है।

(ग) कथन (क) तथा (ख) सही है।

(घ) कवन (ख) तथा (ग) सही है।

(vi) रचना के अनुसार वाक्य के कितने भेद हैं?

**(क) आठ (ख) चार (ग) तीन (घ) बहुत**

**(VII) वाक्य के कितने अंग होते हैं?**

**(क) तीन (ख) चार (ग) दो (घ) पाँच (सही विकल्प चुनकर लिखें)**

**(VIII) जिस वाक्य में दो या दो से अधिक उपवाक्य स्वतंत्र रूप से किसी योजक (समुच्चयबोधक) पद से जुड़े रहते हैं, उसे कहते हैं?**

**(क) उपवाक्य (ख) मिश्र वाक्य (ग) सरल वाक्य (घ) संयुक्त वाक्य (सही विकल्प चुनें)**

**(IX) जो वाक्य किसी व्यधिकरण योजक- कि, यदि, अगर, तो, तो भी तथापि, इसलिए आदि से जुड़े हों , उसे कहते हैं –**
**(क) आश्रित उपवाक्य (ख) संयुक्त वाक्य, (ग) सरल वाक्य (घ) मिश्र वाक्य (सही विकल्प चुनें)**

**गौण (आश्रित) उपवाक्य के कितने भेद हैं? (क) छह (ख) तीन (ग) चार (घ) आठ (सही विकल्प चुनें)**

**4. निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित <u>किन्हीं 8</u> बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1X8=8**

**(I) बच्चे खीर बहुत चाव से खाते हैं। इसका कर्मवाच्य होगा-**

**(क) बच्चों द्वारा खीर बहुत चाव से खाई जाती है।**

**(ख) बच्चों ने खीर बहुत चाव से खाई थी।**

**(ग) बच्चों के द्वारा खीर खाई गई।**

**(घ) बच्चे खीर खाएँगे ।**

**(II) वे तेज़ दौड़ रहे थे। इसका भाववाच्य होगा-**

**(क) वे तेज दौड़ेंगे।**

**(ख)** उनसे तेज़ दौड़ा जा रहा था।

(ग) उनसे तेज दौड़ा जाएगा।

(घ) वह तेज दौड़ रहा है।

(III) अध्यापक जी द्वारा पाठ पढ़ा दिया गया। इसका कर्तृवाच्य होगा-

(क) अध्यापक जी से पाठ पढ़ा दिया गया।

(ख) अध्यापक जी पाठ पढ़ाएँगे।

(ग) अध्यापक जी पाठ पढ़ेंगे।

(घ) अध्यापक जी ने पाठ पढ़ा दिया ।

**(IV)** मैं गा नहीं सकता। इनमें से भाववाच्य का उदाहरण है-

(क) मुझे गाना नहीं आ सकता।

(ख) मुझसे गाया नहीं जा सकता।

(ग) मैं गाना नहीं गा सकता।

**(घ)** मेरे द्वारा गाना नहीं गा सकता।

(v) कॉलम I को कॉलम II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-

| कॉलम I | कॉलम II |
|---|---|
| 1. नेताजी द्वारा देश के लिए अपना सब कुछ त्याग दिया गया। | (क) कर्तृवाच्य |
| 2. भारत सरकार ने साक्षरता के लिए करोड़ों रुपये खर्च किए। | (ख) कर्मवाच्य |
| 3. पिताजी से बेटा नहीं जा सकता। | (ग) भाववाच्य |

**विकल्प**

**(क) 1- (ख), 2- (क), 3- (ग)**

**(ख) 1- (ग), 2-(ख), 3-(क)**

**(ग) 1-(1), 2-(ख), 3-(ख)**

**(घ) 1- (ग) 2 (ग), 3 – (ख)**

**(VI)** जिन वाक्यों में कर्ता मुख्य होता है और कर्म गौण होता है। उसे कहते हैं**?**

**(**क) भाव वाच्य (ख) कर्म वाच्य (ग) कर्तृवाच्य (घ) इनमें से कोई नहीं

**(VII)** अकर्तृवाच्य के कितने भेद हैं**?**

**(**क) चार (ख) तीन (ग) दो (घ) पाँच)

**(VIII)** किस वाच्य में क्रिया हमेशा अकर्मक होती है**?**

(क) कर्म वाच्य में (ख) संयुक्त वाक्य में (ग) भाववाच्य में (घ) कर्म वाच्य में।

**(IX)** किस वाच्य में क्रिया हमेशा अकर्मक एवं एकवचन पुल्लिंग होती है**?**

(क) भाववाच्य में (ख) कर्मवाच्य में (ग) कर्तृवाच्य में (घ) इन सभी में

**5.. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प पुनकर लिखिए- 5**

**खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे- साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरनेवाले। कबीर को**

'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज़ नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता। कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते।

(I) गृहस्थ होते हुए भी बालगोबिन भगत को साधु क्यों कहा जाता था?

(क) साधु बनकर घर से बाहर रहते थे।

ख) उनका व्यवहार साधुओं जैसा था।

(ग) साधुओं के साथ सत्संग करते थे।

((घ) संन्यास लेने के कारण।

(II) 'दो टूक बात करना' से क्या तात्पर्य है?

(क) केवल दो बातें करना (ख) बहुत बातें करना (ग) बिल्कुल बात न करना (घ) स्पष्ट बात करना

(III) भगत जी के साहब कौन थे?

(क) पड़ोसी (ख) मित्र (ग) संत कबीर (घ) मालिक

(IV) लोगों को किस बात पर आश्चर्य होता?

(क) भगत जी के रहन-सहन को देखकर

(ख) भगत जी के शिष्ट तथा शुद्ध व्यवहार को देखकर

(ग) भगत जी के क्रोध को देखकर

(घ) भगत जी के साहब को देखकर

(v) गद्यांश के आधार पर भगत जी की चारित्रिक विशेषताएँ कौन-सी हैं?

(क) स्पष्टवक्ता, शुद्ध आचरण वाले, सत्यवादी

(ख) आस्तिक झगड़ालू, आज्ञाकारी

(ग) नास्तिक, संन्यासी, सत्यवादी

(घ) मितभाषी, शिष्टाचारी, नास्तिक

6. निम्नलिखित प्रश्नों मे से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 2

(I) सेनानी न होते हुए भी लोग चश्मेवाले को कैप्टन क्यों कहते थे?

(क) उसका मन अहंकार से भरा था।

(ख) उसका हृदय घृणा के भाव से ओत-प्रोत थाष

(ग) उसके हृदय में देश और वीर शहीदों के लिए सम्मान था।

(घ) उसके मन में अपन व्यवसाय के प्रति आदर-भाव था

**(II) बालगोबिन भगत अपने बेटे का ध्यान क्यों रखते थे?**

**(क)** वह मेहनती था।

**(ख)** वह सुस्त और बुद्धु था।

**(ग)** वह विद्वान था।

**(घ)** वह चतुर था।

**7. निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- 5**

**नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि कोउ एक दास तुम्हारा॥**

**आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही॥**

**सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई॥**

**सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा॥**

**सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा॥**

**सुनि मुनिवचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने॥**

**बहु धनुही तोरी लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं॥**

**(I) श्रीराम ने विनम्रता के साथ परशुराम जी से क्या कहा ?**

**(क) शिवधनुष तोड़ने वाला उनका मालिक ही होगा।**

**(ख) शिवधनुष जानबूझकर नहीं तोड़ा।**

**(ग) शिवधनुष लक्ष्मण ने तोड़ा।**

**(घ) शिवधनुष तोड़ने वाला उनका दास ही होगा**

(II) श्रीराम की बात सुनकर परशुराम जी ने क्या उत्तर दिया?

(क) शिवधनुष तोड़ने वाला अच्छा व्यक्ति नहीं है ।

(ख) शिवधनुष तोड़ने वाल उनका शत्रु है ।

(ग) शिवधनुष तोड़ने वाला उनका मित्र है।

(घ) शिवधनुष तोड़ने वाला उनका पुत्र है।

(III) परशुराम को क्रोधित होते देख लक्ष्मण ने मुस्कुराकर क्या कहा?

(क) बचपन में उन्होंने अनेक धनुष तोड़े, पर मुनि ने क्रोध नहीं किया ।

(ख) बचपन में उन्होंने अनेक खेल खेले, पर मुनि ने क्रोध नहीं किया।

(ग) बचपन में तो उन्होंने धनुष चलाना सीखा ।

(घ) बचपन में ही उन्होंने शिवधनुष तोड़ दिया था।

**(IV)** परशुराम ने किसे राजाओं के समाज **(सभा)** से अलग होने के लिए कहा **?**

(क) जिसने उनके प्रश्न का उत्तर दिया ।

(ख) जिसने उनके प्रश्न का उत्तर नहीं दिया।

(ग) जिसने शंकर जी का धनुष तोड़ा।

(घ) जिसने शंकर जी के धनुष को हाथ लगाया।

**(v)** ऐसा न करने पर परशुराम जी ने क्या करने की धमकी दी?

**(क)** परशुराम जी वहाँ उपस्थित सभी राजाओं से नराज हो जाएँगे।

**(ख)** परशुराम जी वहाँ उपस्थित सभी राजाओं को मार देंगे।

(ग) परशुराम जी वहाँ उपस्थित सभी राजाओं की प्रशंसा करेंगे।

(घ) परशुराम जी वहाँ उपस्थित सभी राजाओं को सभा से बाहर कर देंगे।

8. निम्नलिखित प्रश्नों मे से सही विकल्प चुनकर लिखिए। 2

(I) गोपियों के अनुसार राजा का क्या कर्तव्य होता है?

(क) प्रजा को सताना (ख) प्रजा को दंड देना (ग) प्रजा को न सताना (घ) प्रजा को कारागार में डाल देना

(II) विश्वामित्र जी _____ और _____ थे।

(क) अज्ञानी, घमंडी (ख) नरम अहंकारी (ग) महाज्ञानी , मृदुभाषी (घ) क्रोधी, कठोर

## खंड-(ख) ( वर्णनात्मक प्रशन)

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2x4=8

(I) पान वाले का एक रेखा चित्र प्रस्तुत कीजिए।

(II) नेताजी की मूर्ति पर चश्मा बदल-बदलकर कौन लगाता था? विचार करके बताइए कि वह ऐसा क्यों करता था ?

(III) सेनानी न होते हुए भी चश्मेवाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

(IV) 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर लिखिए कि किन कारणों से भगत जी पुत्रवधू को घर में रखना नहीं चाहते थे?

(V) भगत जी ने अपने बेटे की मृत्यु पर ऐसी कौन-सी अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- 2x4=8

(I) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है?

(II) गोपियाँ ने किन-किन उदाहरणों के माध्यम से उद्धव को उलाहने दी है?

(III) गोपियों को योग किसके समान लगता है? वे उन के योग-संदेश को किन लोगों को सौपने को सलाह दे रही हैं?

(IV) परशुराम नें अपने विषय में सभा में क्या-क्या कहा, कविता पाठ के आधार पर उत्त र दीजिए?

(V) साहस और शक्ति के साथ विनम्रता हो, तो बेहतर है। इस कथन पर अपने विचार लिखिए।

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- 4

(I) 'माता का अंचल' पाठ में बच्चों की जो दुनिया रची गई है, वह आपके बचपन की दुनिया से किस तरह भिन्न है?

(II) 'माता का अंचल' पाठ में माता-पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य व्यक्त हुआ है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

12. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए- 6

(I) स्वच्छ भारत अभियान: एक अच्छी पहल

संकेत बिंदु- * स्वचेछता अभियान का आशय एवं इसकी उपयोगिता * स्वच्छता भगवान का दूसरा रूप * स्वच्छता से ही स्वास्थ्य * खुले में कूड़ा न डालने तथा सड़क पर चलते हुए न थूकने का आह्वान * स्वच्छता अभियान में भागीदारी का संकल्प

(II) समय की कमी से जूझता महानगरीय जीवन

संकेत बिंदु- * महानगर की जीवन -शैली * उन्नति की अँधी दौड़ * मानवीय मूल्यों का पतन * कृत्रिमता * तनाव * संयमित जान- शैली अपनाने का आह्वान

(III) भ्रष्टाचार एक गंभीर संस्या

संकेत बिंदु- * भ्रष्टाचार का अर्थ * भ्रष्टाचार के कारण * समाज पर प्रभाव * इसे दूर करने का उपाय

13. अपने पिता का एटीएम कार्ड खराब हो जाने के कारण उसे बंद करवाने तथा नया एटीएम कार्ड जारी करवाने का अनुरोध करते हुए उनकी तरफ से बैंक प्रबंधक (मैनेजर) को 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। 5

अथवा

अपने विद्यालय के बारे में बताते हुए अपने मित्र को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।

14. आप दिव्य मेहरा/ दिव्या मेहरा हैं। आप एम. ए., बी.एड. कर चुके हैं। एक प्रशिक्षित अध्यापक/अध्यापिका पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए आप अपना एक संक्षिप्त स्ववृत्त (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए। 5

15. आप का मित्र सुमन पहली बार एक नाट्य प्रस्तुति में भाग ले रहा है। उसके लिए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए। 4

*****